वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 1557 / गोप0 / 20 — दिनांकः 13.01.2020

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

विषय :– वर्ष 2020 की वार्षिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

माननीय कुलपति महोदय के आदेश दिनांकः 10.01.2020 के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या की एक बैठक / कार्यशाला का आयोजन दिनांकः 18.01.2020 को विश्वविद्यालय स्थित **महन्थ अवैद्यनाथ संगोष्ठी** भवन में अपराह्न 12.30 बजे आयोजित की गयी है जिसमें वर्ष 2020 की वार्षिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में चर्चा की जायेगी तथा आई.क्यू.ए.सी. से सम्बन्धित जानकारी भी दी जायेगी जिसमे प्राचार्य / प्राचार्या की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर अपने सुझाव आदि प्रदान करने का कष्ट करें तथा परीक्षा सम्बन्धी जानकारी भी प्राप्त करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. समाचार सम्पादक, हिन्दुस्तान / दैनिक जागरण / अमर उजाला को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में पूर्वांचल के जिलों में वितरित होने वाले पृष्ठ पर जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
4. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
5. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त बैठक में सम्मिलित होने का कष्ट करें।
6. प्रबन्धक, सम्बन्धित महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या को, प्राचार्य / प्राचार्या की अनुपस्थिति में वरिष्ठतम शिक्षक अथवा प्राचार्य / शिक्षक का अनुमोदन न होने की स्थिति में स्वयं अथवा स्वयं द्वारा नामित किसी पदाधिकारी को उक्त बैठक में उपस्थित होने के लिए निर्देशित करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
7. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक